>

Title: Regarding construction of a dam in Bankura Parliamentary Constituency, West Bengal-laid.

डॉ. सुभाष सरकार (बांकुरा): मेरा क्षेत्र बांकुड़ा, जो पश्चिम बंगाल के सबसे सूखाग्रस्त क्षेत्र के अंतर्गत आता है तथा एक जंगल का इलाका भी है । इसमें दो विधान सभा अनुसूचित जनजाति और दो विधान सभा अनुसूचित जाति की हैं । यहां पीने का पानी और सिंचाई के जल का बड़ा अभाव है । क्षेत्र में चार नदी हैं । इसमें दो नदियों के संगम स्थल में एक बांध निर्माण की मांग पिछले 12 वर्षों से चली आ रही है । अनेकों बार इस मांग को संबंधित कार्यालयों तक पहुंचाया गया । इस बजट में इसका निष्पादन के साथ घोषणा हो जाये तो सारे क्षेत्र के लोगों के साथ मैं भी आभारी रहूंगा ।

इस क्षेत्र में सात विधान सभाओं के अंतर्गत चार विधान सभाओं में कोई रेल पथ नहीं है । इसके लिए 12 साल पहले शुरू हुई परियोजना छातना से मुकुटमनिपुर रेल पथ का काम फिर से शुरू करवाने का निवेदन करता हूं ।